भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या - 19

(जिसका उत्तर गुरुवार, 05 दिसंबर, 2013/14 अग्रहायण, 1935 (शक) को दिया गया)

<u>राष्ट्रीय प्रतियोगिता नीति</u>

***19. श्री आनंदराव अडसुल:**

श्री धर्मेन्द्र यादव:

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आर्थिक वृद्धि के उच्चतम सतत् स्तर को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता नीति कार्यान्वित की है/अथवा क्रियान्वित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत विदेशी निवेशकों के लिए एक आकर्षक स्थल है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और भारत में निवेश करने वाले तीन शीर्ष निवेशक देश कौन-कौन से हैं; और

(ड.) राष्ट्रीय प्रतियोगिता नीति के अंतर्गत अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री सचिन पायलट)

(क) से (ड.): एक विवरण सदन पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 05.12.2013 को लोक सभा में उत्तर के लिए तारांकित प्रश्न संख्या 19 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): जी, हां। राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा नीति तैयार करना सरकार के विचाराधीन है।

(ग) और (घ): औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2000 से सितंबर, 2013 तक भारत में सर्वाधिक निवेश करने वाले तीन राष्ट्र मॉरीशस, सिंगापुर और यूनाइटेड किंगडम हैं।

(ड.): उपर्युक्त (क) और (ख) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

*****